www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

**D**

# Paper-III
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ..........................................
   (Name) ..........................................
2. (Signature) ..........................................
   (Name) ..........................................

Seat No. | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. ..............................................................
(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

## APR - 02317

**Time Allowed : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

### Instructions for the Candidates

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **75** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper-III will be compulsory, covering entire syllabus (including all electives, without options).
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.**
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marking for incorrect answers.**

### विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना

1. परिक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 75 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे. सदरचे प्रश्न हे या विषयाच्या संपूर्ण अभ्यासक्रमावर आधारित आहेत.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनीटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्विकारू नये.
   (*ii*) **पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चूकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.**
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा. :** जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहीलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणा व्यतिरीक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापी, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. **फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.**
11. **कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.**
12. **चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.**

www.prepp.in



Your Personal Exam Guide

www.prepp.in



# Hindi
## Paper III
# हिंदी
## प्रश्नपत्र III

**Time Allowed : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 150**

**सूचना :** (*i*) इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर (75)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं।

(*iii*) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) रैन्सम — (1) विरोधाभास

(*b*) क्लींथ ब्रुक्स — (2) भंगिमा या हाव सिद्धांत

(*c*) ब्लैक मूलर — (3) तनाव सिद्धांत

(*d*) एलेन टेट — (4) शब्दार्थ विधान

(5) अनेकार्थता सिद्धांत

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (B) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (5) |
| (D) | (5) | (4) | (1) | (2) |

2. निम्नलिखित उपन्यासों के पात्रों को उनके उपन्यासों से सुमेलित कीजिए :

(*a*) सूरदास — (1) मैला आँचल

(*b*) रंगनाथ — (2) बाणभट्ट की आत्मकथा

(*c*) ममता — (3) मृगनयनी

(*d*) राज्यश्री — (4) राग दरबारी

(5) रंगभूमि

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (B) | (4) | (3) | (5) | (2) |
| (C) | (2) | (5) | (4) | (1) |
| (D) | (5) | (4) | (1) | (2) |

www.prepp.in



3. निम्नलिखित विचारकों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अरस्तू | (1) | अभिव्यंजना |
| (*b*) | क्रोचे | (2) | उदात्त |
| (*c*) | लोंजाइनस | (3) | विरेचन |
| (*d*) | रिचर्ड्स | (4) | संरचना |
| | | (5) | सम्प्रेषण |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (D) | (2) | (4) | (1) | (5) |

4. निम्नलिखित पात्रों को सम्बन्धित काव्यों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मानव | (1) | असाध्यवीणा |
| (*b*) | प्रियंवद | (2) | कामायनी |
| (*c*) | गोली | (3) | राम की शक्ति पूजा |
| (*d*) | जांबवान | (4) | कुकुरमुत्ता |
| | | (5) | अंधेरे में |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| (B) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (C) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (D) | (3) | (1) | (4) | (5) |

www.prepp.in



5. निम्नलिखित कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) परिवर्तन (1) निराला

(*b*) इतिहास के आँसू (2) सुमित्रानंदन पंत

(*c*) शिवाजी का पत्र (3) जयशंकर प्रसाद

(*d*) लहर (4) महादेवी वर्मा

(5) दिनकर

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (4) | (3) | (5) | (2) |
| (C) | (1) | (2) | (4) | (3) |
| (D) | (2) | (5) | (1) | (3) |

6. निम्नलिखित कहानी-वर्गों में कौनसा वर्ग अज्ञेय की कहानियों का है ?

(A) विपथगा, परंपरा, कोठरी की बात, जयदोल

(B) मैना, रेल की सीटी, बलात्कार, इस्तीफा

(C) आकाशचारी, इन्द्रजाल, ईदगाह, फूलों का कुरता

(D) कुत्ते की पूँछ, कमल की बेटी, पाजेब, अभिशप्त

7. इन निर्गुण संत कवियों में से संगत वर्ग है–

(A) बावरी साहिबा, पद्मावती, सुरसुरी, ताज

(B) व्यलित किशोरी, दयाबाई, पद्मावती, ललित माधुरी

(C) ललित माधुरी, ताज, बावरी साहिबा, सहजोबाई

(D) मीराबाई, सहजोबाई, दयाबाई, बावरी साहिबा

8. ज्ञानपीठ पुरस्कारों से अलंकृत कवियों का **सही** वर्ग कौनसा है ?

(A) दिनकर, बच्चन, धर्मवीर भारती, अरुण कमल

(B) दिनकर, अज्ञेय, नरेश मेहता, कुँवर नारायण

(C) अज्ञेय, निराला, केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन

(D) दिनकर, नागार्जुन, त्रिलोचन, मुक्तिबोध

www.prepp.in



9. क्रोचे द्वारा प्रतिपादित चेतना की क्रियाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) सहजानुभूति, तर्कज्ञान, आर्थिक क्रियाएँ, नैतिक क्रियाएँ

(B) अभिव्यंजना, कल्पना, चेतना, अवचेतना

(C) अनुभूति, अभिव्यंजना, संज्ञान, भौतिकता

(D) अंत:प्रेरणा, इंद्रिय संवेदन, अंतर्वस्तु, समग्र प्रभाव

10. कुंतक द्वारा निर्देशित सुकुमार मार्ग के विशिष्ट गुणों का **सही** वर्ग कौनसा है ?

(A) माधुर्य, प्रसाद, कांति, ओज

(B) माधुर्य, प्रसाद, लावण्य, आभिजात्य

(C) माधुर्य, प्रसाद, लावण्य, ओज

(D) माधुर्य, प्रसाद, लावण्य, कांति

11. आचार्य भरतमुनि द्वारा निर्देशित प्रवृत्तियों का **सही** वर्ग है—

(A) वैदर्भी, गौडी, आवंती, पांचाली

(B) समाधि, सौकुमार्य, उदारता, कांति

(C) आवंती, दाक्षिणात्या, औड्र मागधी, पांचाली

(D) अलंकारवत्ता, अग्राम्यत्व, अर्थ्यत्व, न्याय्यत्व

12. काव्यशास्त्र में 'ध्वनि' के अर्थों का **सही** वर्ग है—

(A) व्यंजक शब्द, व्यंजक अर्थ, व्यंजना व्यापार, गौडीयुक्त शब्द

(B) व्यंग्य अर्थ, वैचित्र्यपूर्ण शब्दार्थ, व्यंजक शब्द, व्यंजक अर्थ

(C) व्यंजक शब्द, व्यंजक अर्थ, व्यंग्य अर्थ, व्यंजना व्यापार

(D) व्यंजना व्यापार, व्यंग्य अर्थ, व्यंजक शब्द, पांचालीयुक्त शब्द

13. मुस्लिम जीवन को केन्द्र बनाकर चलने वाले उपन्यासों की दृष्टि से कौनसा वर्ग **संगत** है ?

(A) काला जल, आधा गाँव, झीनी झीनी बीनी चदरिया, सूखा बरगद

(B) यह अंत नहीं, जवाहर नगर, बेगाने घर में, रास्तों पर भटकते हुए

(C) आँखों की दहलीज, लेकिन दरवाज़ा, काला जल, आधा गाँव

(D) निन्यानवे, बेघर, सूखा बरगद, पत्थर ऊपर पानी

www.prepp.in



14. मार्कण्डेय के कहानी–संग्रहों का **संगत** क्रम है–

(A) माही, पथ की खोज, शीराजी, महुए का पेड़

(B) भूदान, दूसरी बार, माही, हंसा जाई अकेला

(C) महुए का पेड़, हंसा जाई अकेला, भूदान, माही

(D) शीराजी, हंसा जाई अकेला, माही, महुए का पेड़

15. भारतेन्दु के नाटकों का **संगत** वर्ग है–

(A) भारत दुर्दशा, चन्द्रावली, अंधेर नगरी, वेणु संहार

(B) भारत दुर्दशा, चन्द्रावली, अंधेर नगरी, सती प्रताप

(C) भारत दुर्दशा, भारत सौभाग्य, कर्पूर मंजरी, विद्या सुंदर

(D) विद्या सुंदर, भारत दुर्दशा, भारत सौभाग्य, कर्पूर मंजरी

16. उत्तर मध्यकाल के विभिन्न नामों का **संगत** वर्ग है–

(A) रीति काल, कला काल, शृंगार काल, अलंकृत काल

(B) सामन्त काल, दरबारी काल, प्रशस्ति काल, रीति काल

(C) मध्य काल, शृंगार काल, रीति काल, चमत्कार काल

(D) अलंकार काल, रीति काल, ब्रज भाषा उत्कर्ष काल, नीति काल

17. लेखिकाओं के द्वारा विरचित उपन्यासों का **संगत** वर्ग है–

(A) पंचनामा, जीरो रोड, अमृत और विष, अंतराल

(B) संन्यासी, हर हाइनेस, सुनीता, संघर्ष

(C) जहाज का पंछी, नाच्यो बहुत गोपाल, जुलूस, परछाईं

(D) जीवन की मुस्कान, अग्नि पर्व, कृष्ण कली, अक्षयवट

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



18. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध-संग्रहों का **संगत** वर्ग है—

(A) मध्यकालीन धर्म साधना, कला और संस्कृति, आलोक पर्व, विचार और वितर्क

(B) पथ चिह्न, कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना, विचार और वितर्क

(C) कल्पलता, कुटज, विचार और वितर्क, आलोक पर्व

(D) कला और संस्कृति, सबरंग, कल्पलता, मध्यकालीन धर्म साधना

19. मैथिलीशरण गुप्त के महाभारतीय पात्रों पर आधारित काव्यों का **संगत** वर्ग है—

(A) शाक्ति, शकुंतला, जयद्रथ वध, जय भारत

(B) जयद्रथ वध, नहुष, शकुंतला, जय भारत

(C) अनघ, जयद्रथ वध, शकुंतला, शाक्ति

(D) अजित, शाक्ति, जयद्रथ वध, जय भारत

20. अज्ञेय के 'नदी के द्वीप' उपन्यासों के पात्रों का **संगत** वर्ग है—

(A) रेखा, गौरा, भुवन, चंद्रमाधव

(B) मनीषा, गौरा, चंद्रमाधव, रामा

(C) सुनीता, आशा, रामनाथ, चन्द्रमाधव

(D) रंगनाथ, श्रद्धा, गौरी, भुवन

21. **स्थापना** : वल्लभाचार्य ने निर्गुण को ही ब्रह्म का असली रूप कहा था।

**तर्क** : उन्होंने सगुण रूप को मायिक कहा था।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों ठीक हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही है।

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है।

www.prepp.in



22. **स्थापना** : आचार्य के रूप में देव को विशेष स्थान दिया जा सकता है।

**तर्क** : रीतिकाल में ब्रजभाषा का विकास विचार-प्रस्तुति के उत्कर्ष साधन के रूप में नहीं हो पाया।

इनमें से कौनसा **सही** विकल्प है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही।

23. **स्थापना** : मध्यकालीन संत कवियों ने मध्य देश की भाषा को ही काव्य भाषा माना है।

**तर्क** : क्योंकि संतों की सधुक्कड़ी बोली में पंजाबी, राजस्थानी, ब्रज, अवधी की शब्दावली ही पायी जाती है।

इनमें से कौनसा **सही** विकल्प है ?

(A) स्थापना सही और तर्क गलत।

(B) तर्क सही और स्थापना गलत।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

24. **स्थापना** : कबीरदास द्वारा रची उलटबासियाँ आज भी लोगों को चकित करती हैं।

**तर्क** : उनके प्रचार के रूपों, प्रतीकों और अन्योक्तियों के कारण कबीर की वाणी में वाग्वैचित्र्य पैदा हुआ था।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

25. **स्थापना** : मुक्तिबोध वस्तु और रूप में पार्थक्य नहीं मानते।

**तर्क** : क्योंकि वे फैंटसी शिल्प का प्रयोग करते हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(B) स्थापना गलत और तर्क सही।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

www.prepp.in



26. **स्थापना** : प्लेटो के अनुसार कवि में सृजन-क्षमता का प्रादुर्भाव अलौकिक शक्ति के रूप में होता है, कलात्मक सिद्धि के रूप में नहीं।

**तर्क** : क्योंकि अपनी काव्य-रचना वे किसी सचेष्ट कलात्मक प्रेरणा द्वारा नहीं, बल्कि दैवी शक्तियों से प्रेरित एवं अभिभूत होकर करते हैं।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही।

27. **स्थापना** : "उचित क्षण" में उदात्त की एक कौंध समस्त वस्तु को छिन्न-भिन्न करती हुई वक्ता की सम्पूर्ण शक्तियों को एक ही बार में उद्घाटित करती है।

**तर्क** : क्योंकि उदात्त अभिव्यंजना का अनिर्वचनीय प्रकर्ष है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(B) स्थापना गलत और तर्क सही।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

www.prepp.in



28. **स्थापना** : मनुष्य जिस दिन कवि बनता है उसी दिन वह भावक और आलोचक भी बन जाता है।

**तर्क** : क्योंकि कवि स्वयं भी अपनी कविता का पर्यालोचन करता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही।

29. **स्थापना** : नाटक को पंचम वेद कहा गया है।

**तर्क** : इसे 'नाट्य वेद' कहा जाता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

30. **स्थापना** : काव्य का विषय सदा विशेष होता है, सामान्य नहीं।

**तर्क** : काव्य मज़हब को सामने लाकर समाज में संघर्ष कराता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

31. **स्थापना** : ध्वनि सिद्धांत एक व्यापक सिद्धांत है।

**तर्क** : क्योंकि ध्वनि सिद्धांत अलंकारों की सत्ता स्वीकार नहीं करता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



32. **स्थापना** : आचार्य वामन ने गौडी को श्रेष्ठ रीति कहा है।

**तर्क** : क्योंकि गौडी में ओज और कांति गुणों की प्रधानता नहीं रहती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही और तर्क गलत।

(B) स्थापना गलत और तर्क सही।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

33. **स्थापना** : भारतीय साहित्य उस भूमि की ओर प्रवृत्त रहा है जहाँ जाकर प्रायः सब हृदयों का मेल हो जाता है।

**तर्क** : क्योंकि भारतीय साहित्य बुद्धिप्रधान विचारधारा का विरोध करता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही और तर्क गलत।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(C) स्थापना गलत और तर्क सही।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

34. **स्थापना** : हर युग में शिष्ट समुदाय को लोकभाषा का सहारा लेकर अपनी काव्य परंपरा में नया जीवन डालना पड़ा है।

**तर्क** : क्योंकि पंडितों की काव्यभाषा स्थिर होकर लोकभाषा से दूर पड़ जाती है और जनता पर प्रभाव डालने की उसकी क्षमता क्षीण होने लगती है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है।

35. **स्थापना** : कामायनी आनंदवाद की प्रतिष्ठा का सफल प्रयास है।

**तर्क** : कामायनी का आनंदवाद पूर्व परिचित और वल्लभाचार्य के आनंद के ढंग का है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना गलत और तर्क सही।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही।

www.prepp.in



36. इनमें से कौनसी रचना तुलसीदास की **नहीं** है ?

(A) रामलला नहछू

(B) राम दक्षिणा

(C) श्रीकृष्ण गीतावली

(D) पार्वती मंगल

37. जायसी द्वारा विरचित कृष्ण कथा सम्बन्धी महाकाव्य का नाम है—

(A) पद्मावत

(B) अखरावट

(C) कन्हावत

(D) आखरी कलाम

38. भूषण विरचित लक्षण काव्य है—

(A) छत्रसाल दशक

(B) शिवा बावनी

(C) दूषण उल्लास

(D) शिवराज भूषण

39. तुलसी की निम्नलिखित रचनाओं में से कौनसी रचना राम कथा से संबंधित **नहीं** है ?

(A) गीतावली

(B) वैराग्य संदीपनी

(C) कवितावली

(D) दोहावली

40. ''सौन्दर्य ही चेतना है, चेतना ही जीवन है, अतएव काव्य-कला का उद्देश्य सौंदर्य का ही उन्मेष कहना है।''— यह कथन किसका है ?

(A) नन्ददुलारे बाजपेयी

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) नगेन्द्र

(D) श्यामसुंदर दास

www.prepp.in



41. "गीत लेखन में जैसी सफलता महादेवीजी को हुई, वैसी और किसी को नहीं।"—यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) नंददुलारे बाजपेयी

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) नामवर सिंह

42. 'नवजागरण' की प्रतिध्वनि निम्नलिखित किस उपन्यास में अभिव्यक्त हुई है ?

(A) अधखिला फूल

(B) नूतन ब्रह्मचारी

(C) परीक्षा गुरु

(D) निस्सहाय हिन्दू

43. शब्द के मौन और शब्दों के बीच के रंध्र में छिपे अर्थों की ओर सबसे पहले किस कवि की दृष्टि गई ?

(A) अज्ञेय

(B) नागार्जुन

(C) शिवमंगलसिंह 'सुमन'

(D) मैथिलीशरण गुप्त

44. मुक्तिबोध की कविता का कौनसा पात्र विश्वचेतस है ?

(A) ओरांग-ऊटांग

(B) रक्तालोक स्नात पुरुष

(C) ब्रह्मराक्षस

(D) डोमाजी उस्ताद

45. तलाकशुदा माता पिता की संतान की मनोदशा का चित्रण किस उपन्यास में हुआ है ?

(A) आपका बंटी

(B) रुकोगी नहीं राधिका

(C) पतझड़ की आवाज़ें

(D) ठीकरे की मंगनी

www.prepp.in



46. 'गोदान की मूल समस्या ऋण की समस्या है'— यह किस आलोचक की टिप्पणी है ?

(A) नलिन विलोचन शर्मा

(B) रामविलास शर्मा

(C) नगेन्द्र

(D) नन्ददुलारे बाजपेयी

47. ऋणग्रस्त किसान की पराजित मानसिकता की कहानी है—

(A) बड़े घर की बेटी

(B) सद्गति

(C) नमक का दारोगा

(D) पूस की रात

48. "'शेखर एक जीवनी' ऐसी विदेशी कलम है जो देश में बेमौसम लगाई गई है"— यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) गणपति चन्द्रगुप्त

(B) नामवर सिंह

(C) बच्चन सिंह

(D) मधुदेश

49. निम्नलिखित किस नाटक में राजा पृथु के पौराणिक आख्यान के माध्यम से व्यक्ति और राजसत्ता का अंतर्द्वंद्व चित्रित है—

(A) कोणार्क

(B) दशरथ नंदन

(C) पहला राजा

(D) शारदीय

50. दस काव्य गुणों का सर्वप्रथम उल्लेख किस आचार्य ने किया ?

(A) आचार्य भामह

(B) आचार्य वामन

(C) आचार्य दंडी

(D) आचार्य भरतमुनि

51. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार कवि बनने के लिए आवश्यक है—

(A) काव्यशास्त्र का ज्ञान और भाषाज्ञान

(B) अलंकारों का ज्ञान और शैली विज्ञान का ज्ञान

(C) सहृदय होना और लोक हृदय की पहचान होना

(D) दर्शन का ज्ञान और इतिहास का ज्ञान

www.prepp.in



52. लोंजाइनस के अनुसार इनमें से कौनसा उदात्त का तत्त्व **नहीं** है ?

(A) प्रबल भावावेग

(B) बालिशता

(C) समुचित अलंकार योजना

(D) अभिजात पद रचना

53. इनमें से कौनसी नयी समीक्षा की विशेषता **नहीं** है ?

(A) आंतरिक संगति

(B) ऐतिहासिक भौतिकवाद

(C) विसंगति और विडंबना

(D) शुद्ध कविता का समर्थन

54. ''जायसी की वाक्य-रचना स्वच्छ होने पर भी तुलसी के समान सुव्यस्थित **नहीं** है''— यह कथन किसका है ?

(A) डॉ. गोविंद त्रिगुणायत

(B) विजयदेव नारायण साही

(C) आ. रामचंद्र शुक्ल

(D) डॉ. शिव सहाय पाठक

55. 'राम की शक्ति पूजा' में राम कितने चक्रों का भेदन करते हैं ?

(A) छः

(B) दस

(C) आठ

(D) नौ

56. नीचे दी गई कृतियों का रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम है—

(A) बिहारी सतसई, रतन बावली, जगद् विनोद, शिवराज भूषण

(B) जगद् विनोद, बिहारी सतसई, रतन बावली, शिवराज भूषण

(C) शिवराज भूषण, रतन बावली, बिहारी सतसई, जगद् विनोद

(D) रतन बावली, शिवराज भूषण, बिहारी सतसई, जगद् विनोद

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



57. अष्टछाप के इन कवियों का उनके जन्मकाल के आधार पर **सही** अनुक्रम है–

(A) चतुर्भुजदास, सूरदास, गोविंद स्वामी, परमानंददास

(B) सूरदास, परमानन्ददास, गोविंद स्वामी, चतुर्भुजदास

(C) गोविन्द स्वामी, परमानन्ददास, चतुर्भुजदास, सूरदास

(D) परमानन्ददास, सूरदास, चतुर्भुजदास, गोविन्द स्वामी

58. कालक्रमानुसार इन आलोचकों का सही क्रम क्या है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल, लाला भगवान दीन, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, विजय नारायण देव साही

(B) लाला भगवान दीन, रामचंद्र शुक्ल, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, विजय नारायण देव साही

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, लाला भगवान दीन, रामचन्द्र शुक्ल, विजय नारायण देव साही

(D) विजय नारायण देव साही, लाला भगवान दीन, रामचंद्र शुक्ल, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

59. कालक्रम की दृष्टि से प्रगतिवादी कवियों का **सही** अनुक्रम क्या है ?

(A) नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, रामविलास शर्मा, त्रिलोचन

(B) नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, रामविलास शर्मा

(C) रामविलास शर्मा, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, नागार्जुन

(D) त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन, रामविलास शर्मा

60. अमृतलाल नागर के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** अनुक्रम है–

(A) सात घूँघटवाला मुखड़ा, अमृत और विष, एकदा नैमिषारण्ये, मानस का हंस

(B) अमृत और विष, सात घूँघटवाला मुखड़ा, मानस का हंस, एकदा नैमिषारण्ये

(C) मानस का हंस, अमृत और विष, सात घूँघटवाला मुखड़ा, एकदा नैमिषारण्ये

(D) अमृत और विष, सात घूँघट वाला मुखड़ा, एकदा नैमिषारण्ये, मानस का हंस

www.prepp.in



61. कालक्रमानुसार निम्नलिखित उपन्यासों का **सही** अनुक्रम है–

(A) परती परिकथा, जंगल के फूल, लोक ऋण, पहला पड़ाव

(B) पहला पड़ाव, जंगल के फूल, परती परिकथा, लोक ऋण

(C) लोक ऋण, परती परिकथा, जंगल के फूल, पहला पड़ाव

(D) जंगल के फूल, परती परिकथा, लोक ऋण, पहला पड़ाव

62. प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित नाटकों का **सही** अनुक्रम है –

(A) आधे-अधूरे, डॉक्टर, तिलचट्टा, लहरों के राजहंस

(B) डॉक्टर, लहरों के राजहंस, आधे-अधूरे, तिलचट्टा

(C) लहरों के राजहंस, डॉक्टर, तिलचट्टा, आधे-अधूरे

(D) तिलचट्टा, डॉक्टर, लहरों के राजहंस, आधे-अधूरे

63. रस सूत्र की व्याख्याओं का कालक्रम के अनुसार कौनसा **सही** क्रम है ?

(A) अनुमितिवाद, उत्पत्तिवाद, भुक्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद

(B) उत्पत्तिवाद, भुक्तिवाद, अनुमितिवाद, अभिव्यक्तिवाद

(C) उत्पत्तिवाद, अनुमितिवाद, भुक्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद

(D) अभिव्यक्तिवाद, अनुमितिवाद, उत्पत्तिवाद, भुक्तिवाद

64. रिचर्ड्स द्वारा प्रतिपादित अर्थ के प्रकारों का **सही** अनुक्रम है–

(A) लक्ष्यार्थ, वाच्यार्थ, विचार, शैली

(B) यथार्थ बोध, वाच्यार्थ, रचना, लाक्षणिकता

(C) अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, वाच्यार्थ

(D) वाच्यार्थ, भावना, बोधव्य के प्रति वक्ता की अभिवृत्ति, अभिप्राय

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide



65. कामायनी में आये हुए पात्रों के प्रवेश के अधार पर **सही** अनुक्रम है—

(A) श्रद्धा, मनु, इड़ा, लज्जा

(B) श्रद्धा, लज्जा, इड़ा, मनु

(C) मनु, श्रद्धा, लज्जा, इड़ा

(D) मनु, श्रद्धा, इड़ा, लज्जा

66. वीर काव्य परम्परा के कवियों को निम्नलिखित उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | श्रीधर | (1) | वीर सतसई |
| (*b*) | जोधराज | (2) | हम्मीर रासो |
| (*c*) | लाल कवि | (3) | जंगनामा |
| (*d*) | सूर्यमल्ल | (4) | छत्र प्रकाश |
| | | (5) | बीसलदेव रासो |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| (C) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (D) | (5) | (3) | (4) | (2) |

67. निम्नलिखित काव्यों और उनमें वर्णित नायिकाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | नल–दमन | (1) | चांदा |
| (*b*) | पद्मावत | (2) | देवजानी |
| (*c*) | चंदायन | (3) | दमयन्ती |
| (*d*) | ज्ञानदीप | (4) | पद्मिनी |
| | | (5) | मृगावती |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (5) | (4) |
| (B) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (5) |
| (D) | (4) | (1) | (2) | (3) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



68. कवियों को दिए गये विशेषणों को कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | साक्षात् रसमूर्ति | (1) | घनानंद |
| (*b*) | हृदयहीन कवि | (2) | बिहारी |
| (*c*) | गागर में सागर भरने वाले | (3) | भूषण |
| (*d*) | हिन्दू जाति के प्रतिनिधि कवि | (4) | केशव |
| | | (5) | मतिराम |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (1) | (4) | (5) |
| (B) | (4) | (1) | (3) | (2) |
| (C) | (2) | (3) | (5) | (4) |
| (D) | (1) | (4) | (2) | (3) |

69. इन संतों को उनके जन्म-स्थान के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मलूकदास | (1) | कड़ा |
| (*b*) | सुंदरदास | (2) | दौसा |
| (*c*) | धर्मदास | (3) | बांधवगढ़ |
| (*d*) | कबीरदास | (4) | काशी |
| | | (5) | चित्रकूट |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (B) | (2) | (5) | (3) | (1) |
| (C) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (D) | (5) | (1) | (3) | (2) |

www.prepp.in



70. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी मुख्य प्रवृत्तियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अज्ञेय | (1) | फैंटसी |
| (*b*) | मुक्तिबोध | (2) | व्यष्टि चेतना |
| (*c*) | रघुवीर सहाय | (3) | मिथकीय चेतना |
| (*d*) | कुँवर नारायण | (4) | राजनीतिक चेतना |
| | | (5) | यथार्थ चेतना |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (2) | (3) |
| (B) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (C) | (2) | (4) | (5) | (1) |
| (D) | (1) | (2) | (4) | (3) |

71. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | वे दिन | (1) | राजकमल चौधरी |
| (*b*) | एक पति के नोट्स | (2) | कांता भारती |
| (*c*) | मछली मरी हुई | (3) | रवीन्द्र कालिया |
| (*d*) | रेत की मछली | (4) | निर्मल वर्मा |
| | | (5) | महेन्द्र भल्ला |

इनमें से कौनसा **सही** विकल्प है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (1) | (2) |
| (B) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (C) | (5) | (1) | (2) | (3) |
| (D) | (4) | (1) | (5) | (3) |

www.prepp.in



72. निम्नलिखित पात्रों को उनसे संबद्ध उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) चंद्रमाधव | (1) ग़बन |
| (*b*) जालपा | (2) त्यागपत्र |
| (*c*) मृणाल | (3) नदी के द्वीप |
| (*d*) निपुणिका | (4) पर्दे की रानी |
| | (5) बाणभट्ट की आत्मकथा |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (3) | (4) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (C) | (4) | (2) | (3) | (1) |
| (D) | (5) | (3) | (2) | (1) |

73. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) शाल्मली | (1) मृदुला गर्ग |
| (*b*) कठ गुलाब | (2) नासिरा शर्मा |
| (*c*) पीली आंधी | (3) कृष्णा सोबती |
| (*d*) दिलो दानिश | (4) प्रभा खेतान |
| | (5) मैत्रेयी पुष्पा |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (B) | (5) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (D) | (1) | (4) | (2) | (5) |

www.prepp.in



74. निम्नलिखित निबंध-रचनाओं को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | नाखून क्यों बढ़ते हैं | (1) | रामचन्द्र शुक्ल |
| (*b*) | मकान | (2) | कुबेरनाथ राय |
| (*c*) | महके आँगन चहके द्वार | (3) | हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| (*d*) | लोभ और प्रीति | (4) | गुलाब राय |
| | | (5) | कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (1) | (4) | (5) |
| (B) | (5) | (3) | (1) | (2) |
| (C) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (D) | (3) | (4) | (5) | (1) |

75. आचार्यों के साथ उनकी अलंकार संबंधी मान्यता को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भामह | (1) | काव्य शोभाकारी धर्म |
| (*b*) | दंडी | (2) | काव्य शोभा को अतिशय करने वाले कारण |
| (*c*) | वामन | (3) | वक्र शब्द और अथयुक्त उक्ति |
| (*d*) | विश्वनाथ | (4) | रस प्रकाशक वाणी |
| | | (5) | शब्दार्थ के अस्थिर धर्म |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (5) | (3) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (C) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (D) | (4) | (5) | (1) | (3) |

www.prepp.in



ROUGH WORK

Your Personal Exam Guide